Title : Need to desilt the Chandan Reservoir in Banka Parliamentary Constituency-laid

श्री गिरिधारी यादव **(बांका) :** बिहार राज्य के मेरे संसदीय क्षेत्र बांका अन्तर्गत चांदन जलाशय बांका जिला की लाईफ-लाईन है| चांदन जलाशय विगत 20 सालों से गाद की समस्या से जूझ रहा है । डैम में करीब 65 प्रतिशत भाग में गाद जमा है । इस वजह से चांदन डैम में उचित मात्रा में जल का भंडारण नहीं हो पाता है, जिससे जिले के किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है । किसानों को समय पटवन के लिए पानी मिलता था और करीब 68 हजार हेक्टेयर में चांदन डैम के पानी से पटवन किया जाता था । वर्तमान स्थिति यह है कि डैम में 65 प्रतिशत भाग में सिल्टेसन हो गया है । अगर गाद को हटा दिया जाएगा तो डैम का जल भंडारण क्षमता काफी बढ़ जाएगी और डैम से बांका और भागलपुर जिला के किसानों को पटवन के लिए पानी उपलब्ध हो जायेगा । बांका में सिंचाई के लिए चांदन डैम काफी उपयोगी है, लेकिन इस डैम की सबसे बड़ी समस्या गाद भर जाने की है । अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ कि एक योजना बनाकर चांदन जलाशय के गाद निकालने का कार्य जनहित में कराया जाय ।